On the first day i:e Sept 7th, recitation and elocution for Group 'C', comprising of participants from Classes 6th, 7th and 8th was organised. On 8th September it was for Group 'B' for classes 9 and 10th and on Sept 9 recitation was for Class 11 and debate was for Class 12th simultaneously in English and Hindi. There were many poems and prose pieces that were delivered online. The Debate topic for English was "Excessive dependence on Technology and Artificial Intelligen (AI) is dangerous for the existence of human race' & the Hindi Debate topic was, "Manushya Bhagya ke haath ki Kathputali hai'. Debaters aired their views either "for" or "against" the two topics mentioned above and it culminated on the 3-day of the programme, informs a press release by S.N.S. Deo, Vice Principal, Rajkumar College, Raipur.





RKC wins in Radio Play enactment in an online portal

Raipur, Sep 30: It goes without saying that Rajkumar College, Raipur (C.G.) has a rich tradition of stage play and Dramatics is in the soul of RKCians. But enacting on a virtual platform is different from real staging of the play, since it gains its effects from the sound of words. How to put the sound together in order to achieve maximum impact is the challenging job before the three participants. The three students who brought laurels for Chhattisgarh and of course Rajkumar College, Raipur are Navya Rateria, Tulika Ahuja and Ishika Agrawal.

"The concept of the Trialogue Radio Play was very exciting and new for us. We were scared about it but practicing with our teachers gave us confidence. During the competition, we had to write a script, enact the roles in voice messages, edit it and also add sound effects. Our theme was "A page from Indian History!" And we thought to make the play about "Satipratha," wherein a child widow is being dressed by her mother, taken to the place, and ending with Raja Ram Mohan Roy, taking a stand against it. All these had to be done in 1 hour 30 minutes and we gave our cent percent to make our school proud. I, Navya Rateria, played the role of the mother, Tulika Ahuja became the child and Raja Ram Mohan Roy and Ishika Agarwal was

the technical in charge. The thought in our mind was, not to let the school down, which has more than a century old tradition in dramatics. When we heard our school's name securing the third position amongst 28 schools, our happiness seemed no boundaries. During these tough times, we thank our school, and the Thought Conclave, for giving us an opportunity like this! It will be remembered as a golden gesture in the annals of history.............," writes Navya Rateria, a class 12th student of Rajkumar College, Raipur(C.G.), who participated in this online competition.

Tulika, the key player of the Radio play writes, "The "THOUGHT CONCLAVE" held from Sep 29 to 30 and it was an exhilarating event for all of us, not only for the students who participated but also all the teachers, who mentored us in the preparation for this competition. The participants were given four topics from which the team of RKC chose - "a page from a historical event of India," in which we primarily focused on the issue of "Sati Rites". Honestly, we did face some difficulties, as it was our first encounter with this new technological way of presenting a dramatic play with no "Light, Camera and Action" but an online portal, where we were expected to show our creativity on a virtual stage!

All in all, the team secured the third position among 28 schools. This team was constituted by- Tulika Ahuja (Self)- as - The widow and Raja ram Mohan Roy, Navya Rateria - as - the mother and Ishika Agrawal, as our technica support. The guidance given by our teachers- Si Sanjay Mishra, Shrabon Dey Maamand, Sanyogita Tiwary Maamwas what led us closer to this achievement." Ishika Agrawal, yet another participant from RKC, who did the vital technical assistance says, "The 'Thought Conclave' came as an opportunity for us to explore this new online platform. Preparing an audio file with suitable sound effects and music in such a limited time span was quite challenging. Undoubtedly, to me, new experiences are always pleasing. I definitely look forward for more of such sublime experiences......" Our school also participated in Debate, Quiz and Creative Writing. Our Quiz team was trained by Abhinay Sharma, Asst Teache RKC, informs SNS De Vice Principal, Rajkum College, in a press release

Laurels

RKC 3rd in national-level Radio Play Enactment

Staff Reporter
RAIPUR, Sept 30

THE three students of Rajkumar College brought laurels for Chhattisgarh by winning third position in the online Radio Play Enactment. They are Navya Rateria, Tulika Ahuja and Ishika Agrawal.

"The concept of the Trialogue Radio Play was very exciting and new for us. We were scared about it but practicing with our teachers gave us confidence. During the competition, we had to write a script, enact the roles in voice messages, edit it and also add sound effects. Our theme was A page from Indian History! And we thought to make the play about Satipratha, wherein a child widow is being dressed by her mother, taken to the place, and ending with Raja Ram Mohan Roy, taking a stand against it. All these had to be done in 1 hour 30 minutes and we gave our cent percent to make our school proud," the winners said.

Navya Rateria played the role of the mother, Tulika Ahuja became the child and Raja Ram Mohan Roy and Ishika Agarwal was the

Ishika Agrawal, Navya Rateria and Tulika Ahuja.

technical in charge. The thought was not to let the school down, which has more than a century old tradition in dramatics. "When we heard our school's name securing the third position amongst 28 schools, our happiness seemed no boundaries. During these tough times, we thank our school, and the Thought Conclave, for giving us an opportunity like this! It will be remembered as a golden gesture in the annals of history," writes Navya Rateria, a class 12th student of Rajkumar College, Raipur who participated in this online competition.

Tulika, the key player of the Radio play writes, 'The Thought Conclave' held on September 29 and 30 was an exhilarating event for them, not only for the students who participated but also all the teachers, who mentored us in the preparation for this competition. The participants were given four topics from which the team of RKC chose - a page from a historical event of India, in which the trio primarily focused on the issue of Sati Rites.

The guidance given by teachers Sanjay Mishra, Shroboni Dey Maamand and Sanyogita Tiwary. IshikaAgrawal, yet another participant from RKC, who did the vital technical assistance said, "The 'Thought Conclave came as an opportunity for us to explore this new online platform. Preparing an audio file with suitable sound effects and music in such a limited time span was quite challenging. Undoubtedly, to me, new experiences are always pleasing. I definitely look forward for more of such sublime experiences." RKC also participated in Debate, Quiz and Creative Writing.

The Quiz team was trained by Abhinay Sharma, Asst Teacher, RKC. Above information was furnished by S N S Deo, Vice-Principal, Rajkumar College.

राजकुमार कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने पोस्ट व निबंध प्रतियोगिता में हासिल की उपलब्धि

आद्रीजा पोद्दार प्रथम, स्मिति गुप्ता द्वितीय व अक्षित केजरीवाल रहे तृतीय स्थान पर

रायपुर, 23 अक्टूबर (असं)।

राजकुमार कॉलेज के तीन विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक दक्षता से विद्यालय को गौरवान्वित किया है। हाल ही में एएफएस इंडिया द्वारा आयोजित की गई राष्टीय स्तर की प्रतियोगिता 2020-21में कक्षा बारहवीं की आद्रीजा पोद्दार ने कला के क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्मिति गुप्ता कक्षा ग्यारहवीं ने रचनात्मक लेखन में द्वितीय स्थान और अक्षित केजरीवाल कक्षा बारहवीं ने कला स्थापन वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला पोस्टर प्रतियोगिता में जिसका विषय 'बेहतर भविष्य के लिए युवाओं में दक्षता का निर्माण' में आद्रीजा ने प्रथम स्थान विद्यालय के कला शिक्षक अंकुर तिवारीऔर मीनू तिवारी के मार्गदर्शन और सहयोग से प्राप्त किया।

स्मति गुप्ता ने इसी विषय पर आधारित निबंध प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान विद्यालय के अंग्रेजी शिक्षक संजय मिश्रा के मार्ग दर्शन में प्राप्त किया।अक्षित केजरीवाल ने विषय 'युवा विचारकों में दृश्य कला स्थापन' प्रतियोगिता में 'तृतीय स्थान' कला शिक्षक श्रीअंकुर तिवारीऔर मीनू तिवारी के मार्ग दर्शन में प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 21 और 22 अक्टूबर को आभासी निर्वाचिका सभा के द्वारा बिरला विद्या मंदिर नैनीताल(उत्तराखंड) में आयोजित की गई।

ACCOLADE

2. Art Installation by Akshit Kejriwal

AFS India MasterChef Program organised by AFS Intercultural Programs on 10th September 2020.

AFS Intercultural Programs India

CERTIFICATE
OF ACHIEVEMENT

Awarded to

SMITI GUPTA

of Rajkumar College, Raipur for securing the **Third Position** in the **Essay Writing Competition** on the theme **Youth Skill Development for a Better Tomorrow** organised by AFS Intercultural Programs India between July - August 2020.

Thank you for being part of the #AFSEffect.

Divya Arora	A S Roye
Divya Arora	**Angela Roye**
National Director, AFS India	Board Chairperson, AFS India

To celebrate 15th July as **World Youth Skills Day**, a competition for Essay Writing & Poster Making was organized by AFS Intercultural Programs India. Through this, the students expressed their perspective about the necessity of 21st Century Skills for a better world tomorrow. The entries for essay & poster competition required the students to highlight various 21st century skills and youth's role in developing these skills.

AFS Intercultural Programs is an international, voluntary, non-profit organization that provides intercultural learning opportunities to help people develop the knowledge, skills and understanding needed to create a more just and peaceful world.

www.india.afs.org | india@afs.org

AFSIND-EC-2020-RCR-SG-30

गुलाब

दुनिया में अनेक प्रकार के फूल होते हैं| जिनमें से गुलाब लोगों का प्रिय फूल है | गुलाब के फूल में कई काँटे होते है जो उसकी रक्षा करते हैं| गुलाब का फूल अत्यंत सुन्दर होता हैऔर इसकी खुशबू बहुत मनभावन होती है | इसे सब अपनी बगिया में लगाना पसंद करते हैं| इसकी 100 से भी अधिक प्रजातियाँ होती हैं और यह अनेक रंगों में पाया जाता है जैसे लाल,पीला,सफेद ,गुलाबी,काला आदि| सफेद गुलाब शांति का प्रतीक है; पीला गुलाब दोस्ती का प्रतीक है ;लाल गुलाब प्यार के इजहार का प्रतीक है | गुलाब के फूलों को सजावट में उपयोग करते हैं| यह भगवान के चरणों में भी अर्पित किया जाता है | इसकी पंखुड़ियों को चीनी के साथ मिलकर गुलकंद बनाया जाता है | इससे गुलाब जल भी बनता है ,जो आँखों की थकावट दूर करने और हमारी त्वचा के लिए उपयोगी है | पंडित जवाहर लाल नेहरु को भी गुलाब बहुत पसंद था | वे हमेशा अपने कोट में इसे लगाकर रखते थे |

आशना अग्रवाल 6 वीं ब

जल ही जीवन है

जल हमारे लिए बहुत आवश्यक है।धरती पर रहने के लिए सभी जीव जंतु,पशु-पक्षी,प्राणी एवंपेड़-पौधे को इसकी आवश्यकता होती है|

पानी को कम से कम इस्तेमाल करें इसे बर्बाद ना करें। धरती का कोई प्राणी इसके बिना जीवित नहीं रह सकता। हम एक बार खाने के बिना रह सकते हैं पर जल के बिना नहीं |आज दुनिया में ऐसे स्थान भी हैं जहाँ जल बिलकुल ख़त्म हो गया है | वहाँ लोगो को पानी लाने के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता है | जिस साल वर्षा काम होती है ,तालाब में जल का स्तर कम हो जाता है और सभी जीव-जंतु , वनस्पतियों का जीवन संकट में पड़ जाता है |जल हमारे लिए अमृत तुल्य है | हमें जल को बचाने के लिए इसका उपयोग सावधानीपूर्वक करना चाहिए |

सार्थक बडवानी 6 वीं अ

माँ के कार्य में सहयोग करना

मुझे अपनी माँ की मदद करना सबसे ज्यादा अच्छा लगता हैं। लॉकडाउन के पहले मुझे अपनी माँ का निस्वार्थ प्यार का एहसास नहीं था क्योंकि तब तक मैंने अपनी माँ को गृह कार्य करते हुए नहीं देखा था। माँ सुबह जल्दी उठकर पूरा गृह कार्य करती थी जैसे कि सबके लिए नाश्ता बनाती, मेरे और मेरे छोटे भाई के लिए टिफिन आदि। उस दिन से मुझे माँ के दर्द का एहसास हुआ। मैंने ठान लिया कि मैं भी अपनी माँ की मदद करूँगी और छोटे भाई को भी माँ की मदद करने के लिए प्रोत्साहित करूँगी| फिर तो उस दिन के बाद से मैं अपनी माँ मदद करने लगी जैसे घर सजाना, बिस्तर ठीक करना और कपड़े सही जगह पर रखना आदि। मुझे देख कर मेरा छोटा भाई भी माँ की मदद करने लगा। मैं और मेरी माँ यह देखकर बहुत खुश हुए। मेरी माँ बोली कि अभी हम दोनों के पढ़ने की उम्र है लेकिन तब भी मुझे माँ की मदद करना पसंद है।

आशना गुप्ता 6 वीं द

विद्यार्थी जीवन: जीवन का सुनहरा काल

विद्यार्थी जीवन विद्या प्राप्त करने का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है |विद्यार्थी जीवन में ही ज्ञान का उदय. मानसिक और शारीरिक बल का विकास होता है जो जीवन भर उसके साथ रहता है | विद्यार्थी शब्द विद्या+अर्थी शब्द से मिलकर बना है| जिसका अर्थ होता है विद्या ग्रहण करने की चाह रखने वाला | एक विद्यार्थी के रूप में हम परिश्रम करना,परोपकार ,विनम्रता ,अनुशासन जैसे मानवीय गुण सीखते हैं | पढ़ाई के साथ-साथ हम कई अन्य गतिविधियाँ जैसे कला,नृत्य,चित्रकारी ,संगीत ,खेलकूद में भाग लेते हैं जो हमें एक अच्छा नागरिक और इनसान बनने में सहायक होता है इसीलिए विद्यार्थी जीवन को जीवन का सुनहरा काल माना जाता है |

मान्या मित्तल 6 वीं स

यादगार पल

मेरा दसवाँ जन्मदिन जिसे मैं कभी नहीं भूल सकता| मेरे दसवें जन्मदिन पर मैंने अपने माता-पिता से कहा कि मुझे अपने सभी दोस्तों को पार्टी देनी है| उन्होंने मुझे सहर्ष स्वीकृति दे दी |मेरी ख़ुशी का ठिकाना न रहा| मैं बहुत उत्साहित था |मैंने अपने सभी दोस्तों को आमंत्रित कर दिया| आमंत्रण लिस्ट देखकर माँ-पिताजी ने अचरज से कहा-इतनी लंबी लिस्ट| दादी ने बीच में ही टोकते हुए कहा – इशान की ख़ुशी में कोई रोक –टोक नहीं होना चाहिए | शाम को मेरे दोस्त पहुँच गए | हम सब ने मिलकर पार्टी का पूरा आनंद लिया

सभी मेहमान जा चुके थे| बहुत सारा भोजन बच गया था| दादी ने सुझाया –खाना ख़राब हो या उसे फेंकना पड़े ये अच्छी बात नहीं है | हमें खाने की बर्बादी नहीं करनी चाहिए | दुनिया में ऐसे कई लोग हैं जो भूखे सोते हैं | हमें दादी की बात अच्छी लगी | मैं दादी के गले लिपटकर बोला- दादी,तुमने तो मेरे मन की बात कह दी | मैंने इतनी लम्बी लिस्ट यही सोचकर बनाई थी | मैं ऐसे ही बच्चों के साथ जन्मदिन की खुशियाँ बाँटना चाहता हूँ| माँ-पिताजी ने कहा-हमारा इशान तो समझदार होने लगा है | हमने खाने-पीने की चीजें ,मिठाइयाँ एक डिब्बे में रखी और रेलवे स्टेशन पहुँचे | वहाँ छोटे-छोटे बच्चे फटे पुराने कपड़े पहने जमीन पर पड़े हुए थे| दृश्य देखकर मेरी आँखों में आँसू आ गए | कुछ बच्चे भूख से रो रहे थे ;कुछ तो फेंकी हुई जूठन खा रहे थे | हमने सबके बीच में भोजन बाँटा| मैंने उन्हें उपहार भी दिया| भोजन खाकर उनके चेहरे की ख़ुशी को शब्दों में बयाँ नहीं किया जा सकता| ये मेरे जन्मदिन का सबसे अनमोल उपहार था|

अब मैं हमेशा अपना जन्मदिन की खुशियाँ अनाथ बच्चों के के बीच ही बाटूँगा और मुझसे जितना हो सकेगा उनकी जरूरतों को पूरा करूँगा| इस तरह मेरा दसवाँजन्मदिन मेरा यादगार दिन बन गया|

इशान सरना 6वीं फ

सपने में किसी परी से मुलाक़ात

कुछ रोज़ पहले जब मैंने सुबह आँखे खोली तो एक दूसरे जहां का खूबसूरत एहसास मानो मुझसे ये कह रहा हो - " काश मेरा सपना सच हो जाए।" चेहरे पर सुकून, दिल में हर्ष और आँखों में चमक लेकर जब मैं अपने पिता जी के पास गयी तो मुझसे रुका ना गया और मैंने उन्हें पूरे उत्साह में अपना परी से मुलाक़ात वाला सपना बताना शुरू किया। मैंने उन्हें बताया- "कल रात मैंने सपने में एक परी से मुलाक़ात की। उस परी ने सफ़ेद लिबास में जादुई छड़ी पकड़ रखी थी। उसके सुंदर पंख मुझे उसकी ओर आकर्षित कर रहे थे। उसके चेहरे की सुंदरता मंत्रमुग्ध कर देने वाली थी। वह परी मुझे अपने साथ हमारे आस-पास के लोगों से मिलने ले गयी।"

परी ने मुस्कुराकर मुझसे पूछा " परी बनना चाहती हो?" और वह यह कह कर चली गयी। मैंने पिताजी से पूछा – "अब आप बताए,? मैं परी कैसे बन सकती हूँ ,मैं तो आपकी गुड़िया हूँ ?" तो पिता जी ने कहा- "तुम उस परी के गुण अपनाकर कई लोगों के जीवन में परी का रूप ले सकती हो।" उस दिन मुझे समझ आया कि परी का सबसे बड़ा गुण, दूसरों की मदद करना है और हम सब भी परी के गुण अपने जीवन में अपनाकर किसी के लिए परी जैसे सुन्दर बन सकते हैं ।

हरसिफ़त्त कौर 6 वीं ब

एक नन्ही चींटी से मिली सीख

हर प्राणी के जीवन में परिश्रम का बहुत महत्व होता है, इस संसार में कोई भी प्राणी काम किये बिना नहीं रह सकता| परिश्रम का बहुत अधिक महत्व होता है| जब मनुष्य के जीवन में परिश्रम खत्म हो जाता है, तो उसके जीवन की गाड़ी रुक जाती है| अगर हम परिश्रम न करें तो हमारा खुद का खाना-पीना ,उठना-बैठना संभव नहीं हो पाएगा |

आज मैं बगीचे में बैठी हुई थी, तभी मेरी नजर एक चींटी पर पड़ी जो एक किनारे पर पड़े शक्कर के दानों को लेकर जा रही थी| वह अपने काम को पूरी लगन से कर रही थी| जब भी उससे शक्कर का दाना गिरता तो वह उसे फिर से उठाकर अपने ठिकाने तक ले जाती| ऐसा करते-करते वह शक्कर के सात-आठ दाने पहुँचा चुकी थी| वह मेहनत करके ठंडी के लिए खाना जमा कर रही थी|

चींटी भले ही छोटी होती है| पर वह दूरदर्शी होती है| जीवन जीने और काम पूरा करने का ढंग एक चींटी से बढ़कर और कोई नहीं सिखा सकता है| चींटी का जीवन, उसका काम और उसे करने का ढंग हमारे लिए जिंदगी का एक बड़ा सबक है, जो व्यक्ति परिश्रमी होते है वे चरित्रवान, ईमानदार और स्वावलम्बी होते हैं, अगर हम अपने जीवन की, अपने देश की और राष्ट्र की उन्नति चाहते है, तो हमें भाग्य पर निर्भर रहना छोड़ कर परिश्रमी बनना होगा जो व्यक्ति परिश्रम करता है उसका स्वास्थ्य भी ठीक रहता है और वह अपने जीवन के हर लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब होता है |

मनोबल का माप परीक्षा के दिन नहीं

परिश्रम करने की अवधि में होता है|

आन्या अग्रवाल 7 वीं ब

आँखों देखी घटना

आजकल लोग अपने में ही मस्त रहते हैं और उन्हें दूसरों से कोई लेना देना नहीं होता है। कई बार हमारी आँखों के सामने ऐसी घटनाएं होती है, जिनकों हमें रोकना चाहिये या उसके लिये कुछ करना चाहिए । लेकिन लोग अपनी आँखे मूँद लेते हैं और कुछ नहीं करते । ऐसी ही एक घटना मेरी आँखों के सामने घटी ।

मैं अपने पिताजी के साथ बाजार जा रही थी| सड़क के किनारे बहुत भीड़ लगी थी,पास जाकर देखा कि एक बुजुर्ग लहूलुहान पड़ा था | शायद कोई दुर्घटना हुई थी | सभी देखते हुए गाड़ी आगे बढ़ा रहे थे| मेरे पिताजी ने भी गाड़ी आगे बढा ली तो मैंने कहा कि अगर उस बुजुर्ग की जगह मेरे दादाजी होते तो भी क्या हम उनकी मदद नहीं करते? यह सुनकर मेरे पिताजी ने गाड़ी रोकी और उस बुजुर्ग को अस्पताल पहुँचाया। अस्पताल वालों ने कहा कि खून रोकने के लिये उन्हें एक इंजेक्शन देना होगा और उसके लिये छ: हजार रूपये जमा करवाने होंगे| मेरे पिताजी ने पैसे जमा करवा दिये और उस बुजुर्ग का इलाज हो गया। थोड़ी देर में उस बुजुर्ग के परिवार वाले आ गये और उन्होंने पिताजी का धन्यवाद किया और कहा कि अगर आप मदद नहीं करते तो इनकी जान चली जाती| मेरे पिताजी ने कहा कि धन्यवाद मुझे नहीं, इस बच्ची को दीजिये जिसने मुझे मदद के लिये प्रेरणा दी। उस परिवार ने मुझे धन्यवाद कहा और मैं बहुत खुश हो गयी|

असली खुशी दूसरों की मदद करने में ही आती है लेकिन लोग अपने में इतने व्यस्त हैं कि दूसरों के बारे में नहीं सोचते अगर हर इनसान दूसरों की मदद करना सीख जाए तो यह दुनिया सबके लिए एक खुबसूरत जगह बन जाएगी|

धीमाही कोटेचा 7 वीं द

वर्षा

नव जीवन है पुलकित तन-मन,
सावन आया बादल छाये|
रिमझिम रिमझिम बूँदें छमछम,
भीगी-भीगी बरखा आई|
पुष्पित कलियाँ ख़ुशबू छाई
मानो यौवन धरती का आया |
सूरज- बादल खेल दिखाए,
धवल-धवल धरा फिर मुसकाये|
जश्न मनाओ प्रभु की माया,
सावनआया बादल छाये ।
नव जीवन है पुलकित तन-मन,
सावन आया बादल छाये||

साव्या चन्द्रवंशी 9वीं ब

अगर मैं करोड़पति होती..

मैं एक माध्यम वर्गीय परिवार से हूँ| मेरे लिए करोड़पति होना अविश्वसनीय घटना है| मैं तो फिलहाल बारहवीं कक्षा में पढ़ने वाली विद्यार्थी हूँ|

जब यह वाक्य ध्यान आता है तो सबसे पहले मेरे मन में यह ख्याल आया कि अगर मैं करोडपति होती तो मैं खाती-पीती ,उड़ाती और ऐशो-आराम की जिंदगी जीती| फिर मेरे मन में यह ख्याल आया कि माध्यम वर्गीय होने पर भी मेरे पास रहने, खाने-पीने, पहनने-ओढ़ने योग्य पर्याप्त धन है परन्तु उन लोगों का क्या जिनके माता-पिता नहीं हैं और उनके पास जीने के लिए पर्याप्त साधन नहीं हैं|

अगर मैं करोड़पति होती तो मैं अपने धन का कुछ हिस्सा जरूरतमंद और अनाथ आश्रम में दान करती| कुछ हिस्सा अपने भाई के अच्छे भविष्य के लिए नियोजित करती| हमारी जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारे माता-पिता सदा त्याग करते हैं तो अवश्य मैं भी मिली धन राशि से उनके जीवन को खुशियों से भरूँगी | बाकी शेष धन को मैं अपनी उच्च शिक्षा की प्राप्ति में खर्च करुँगी |

कुल मिलाकर मैं अपने धन का सदुपयोग करुँगी अर्थात धन को अनुपयोगी कार्यो में बरबाद नहीं करुँगी|

नव्या अग्रवाल 12 वीं अ

चलना हमारा काम है

जैसे सिक्के के दो पहलू होते हैं वैसे ही जीवन में सफलता-असफलता, हार-जीत समुद्र की लहरों की तरह आते-जाते रहते हैं| हमें किसी भी परिस्थितियों में सदैव कार्य करते रहना चाहिए|

आज विश्व में इतनी बड़ी महामारी फैली हुई है पर हमने हिम्मत नहीं हारी| सब मिलकर इससे लड़ रहे हैं और धीरे-धीरे इससे बाहर आ रहे हैं| मन में हमेशा उम्मीद होनी चाहिए-“जहाँ चाह वहाँ राह” हमारे वैज्ञानिक वैक्सीन बनाने ने निरंतर प्रयास कर रहे हैं| असफलता के डर से निकलकर केवल प्रयास करना ही हमारा कर्तव्य है|सफलता-असफलता नदी के दो किनारों की तरह हैं| हमें निरंतर प्रयास करना है| एक दिन हम जरुर कामयाब होंगे| थॉमस एडिसन 1000 कोशिश के बाद बल्ब के अविष्कार में सफल हुए थे | अगर वे असफलता से निराश हो जाते तो आज हम इतने प्रकाश में नहीं बैठ पाते| किसी ने सच ही कहा है –‘जो कभी असफल नहीं हुआ उसने अभी कुछ नया प्रयास ही नहीं किया| असफल होने पर हमें अपने को साबित करने का दूसरा मौका मिलता है इसीलिए हमें हारकर रुकना नहीं है बल्कि उठकर दुगुनी रफ्तार से अपने कदम आगे बढ़ाना है| भले हमारी गति धीमी हो पर वह अवरुद्ध न हो |

हम सब में इतनी क्षमता है कि हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं, उसे पाने के लिए केवल दृढ़ इच्छा-शक्ति होना चाहिए | हम जैसा सोचेंगे हमें वैसा ही मिलेगा, इसलिए सकारात्मक सोच रखते हुए आगे बढ़ना है और अपनी मंजिल को प्राप्त करना है।

सुमन जैन 10 वीं ब

Dhyaan Nimani
6E

Oss Agrawal
6B

Khushi Bothra, 8E



Rupika Surana
6E



Anay Agrawal
8A

पेड़ों की कहानी पेड़ की ज़ुबानी

मैं एक पेड़ हूँ। मैं डेढ़ सौ सालों से यहीं पर खड़ा हुआ हूँ। बहुत सालों पहले की बात है, एक नन्हा और प्यारा-सा बालक अपने दोस्तों के साथ मेरे पास खेलने आया करता था, अब मुझे वह दिखाई ही नहीं देता, पर एक बूढ़ा आदमी अक्सर मेरे पास आकर बैठ जाता है, जो कि बिल्कुल उस बालक के जैसा दिखाई देता है, पर मुझे नहीं लगता कि वह वही बालक है। काश...मैं उस बच्चे से दुबारा मिल पाता|

खैर छोड़िए.........

क्या आपको पता है? कुछ दिनों पहले की बात है, मेरे साथी पेड़ों ने मुझे बताया था कि पास वाले जंगल में आग लगी थी और आग की लपटों ने सारे पेड़ों को जला दिया। मुझे यह सुनकर बहुत कष्ट हुआ और डर भी लगा यदि हमारे साथ ऐसा कुछ हुआ तो। आजकल तो कुछ इंसानों ने भी यहाँ आना-जाना शुरू कर दिया है। वो कुछ आँकड़ो की बात कर रहे थे।

लगता है इस बार वे हमारी भलाई ही करना चाहते हैं क्योंकि वे मुझे बुरे नहीं लगते। अवश्य ही कुछ अच्छा होगा,मुझे पता है कि इंसानों ने आज तक पेड़ों का केवल कत्ल-ए-आम किया है, लेकिन इंसानों को अब हमारा महत्व पता चल चुका है। इंसानों को पता है कि मैं उन्हें प्राणवायु प्रदान करता हूँ। मैं उन्हें और भी कई चीजें देता हूँ। वे अवश्य मेरा ध्यान रखेंगे।

आपको पता है? मैं हमेशा से इतना ऊँचा नहीं था, मैं पहले एक छोटा सा पौधा था और तब मेरा खयाल एक इंसान ने ही रखा था। इसलिए मुझे लगता है कि इंसान मेरा खयाल रखेंगे।

आर्यांश जे. टेकाम 9 वीं स

क्या फास्ट फूड भारतीय व्यंजनों का स्थान ले सकता है?

फास्ट फूड भारतीय खाद्य पदार्थों का स्थान नहीं ले सकता। फास्ट फूड का सेवन कभी-कभार किया जा सकता है क्योंकि वे परिष्कृत अनाज से बने होते हैं | वही दूसरी ओर पारंपरिक भोजन का प्रतिदिन सेवन किया जा सकता है क्योंकि वे अनाज ,ताज़े फल और सब्जियों जैसे पौष्टिक तत्वों से बने होते हैं| हमारा देश अपने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के लिए जाना जाता है और इन व्यंजनों का 'स्वास्थ्य और कल्याण' से संबंधित एक लंबा इतिहास है| भारतीय व्यंजनों का सेवन हमारे पूर्वजों के समय (लगभग 5000 साल)से किया जा रहा है क्योंकि वे इसका सेवन अपना स्वास्थ्य बनाने के लिए किया करते थे| पारंपरिक भोजन औषधीय लाभों से भरपूर होता है | ये कह सकते हैं कि फास्ट फूड के सेवन से हमें किसी भी प्रकार के औषधीय लाभ नहीं मिलेंगे ।

अगर हम वर्तमान स्थिति के बारे में बात करें तो ऐसी कई रिपोर्ट सामने आई हैं जो हमें यह बताती हैं कि भारत में होने वाली कोविड मौतों की तुलना अमेरिका से बहुत कम है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि भारतीय आहार में प्रोटीन, विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर पदार्थ शामिल हैं । यह हमेशा ताजा सामग्री से बनाया जाता है। इस भोजन में हमेशा कृत्रिम अवयवों का उपयोग कम किया जाता है। यह भारतीय खाद्य को अधिक स्वास्थ्यवर्धक एवं स्वादिष्ट बनाता है। और यह अपने जड़ी बूटियों और समृद्ध स्वादों की एक विस्तृत विविधता के कारण दुनिया भर में बहुत लोकप्रिय है| लोगों के पास विभिन्न प्रकार के पौष्टिक भारतीय व्यंजन उपलब्ध हैं फिर भी वह फास्ट फूट का सेवन करते है क्योंकि आजकल लोग सेहत पर ध्यान नहीं देकर स्वाद पर ध्यान देते हैं।

मै इस निष्कर्ष पर पहुँचती हूँ कि लोगों को पारंपरिक भोजन का सेवन करना चाहिए क्योंकि ये हमारे शरीर को पोषण प्रदान करता है और नियमित रूप से फास्ट फूड खाने से मोटापा और हृदय रोग, फैटी लीवर और कैन्सर जैसे रोगों का खतरा बढ़ सकता है इसलिए हमें इनका सेवन कम मात्रा में करना चाहिए ।

कृपाली परिहार 11 वीं अ

समय अमूल्य धन

'' पुरुष बली नहीं होत है समय होत बलवान|''

समय अमूल्य धन है। खोया समय पुनः नहीं मिलता'। दुनिया में ऐसी कोई वस्तु नहीं जो बीते हुए समय को वापस ला सके और यहीं समय की सबसे बड़ी विशेषता है।

समय सभी के लिए बराबर होता है। यह व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वह किस प्रकार इसका प्रयोग करता है। जो व्यक्ति समय की गति से बढ़ना सीख जाता है, वह जीवन में सफलता के रहस्य को जान लेता है। जो व्यक्ति कार्यों को समझकर उन्हें सही क्रम से बाँट नहीं पाते हैं उनके पास सदा समय की कमी रहती है और वे कोई भी कार्य आत्मविश्वास के साथ नहीं कर पाते।

विद्यार्थी जीवन ही पूरे जीवन की नींव है। समय और विद्यार्थी का अत्यधिक निकट संबंध है। समय का सदुपयोग करने वाले भावी जीवन में सफल होते हैं और साथ ही एक सफल नागरिक बनते हैं। समय का सदुपयोग केवल अनुशासित तथा उद्यमी व्यक्ति ही कर सकता है, आलसी नहीं। आलस्य मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है।विद्यार्थी को अपने एक – एक क्षण के उपयोग के प्रति सचेत एवं सावधान रहना चाहिए।

समय को बर्बाद करने वाला ना केवल स्वयं का जीवन नष्ट करता है , बल्कि पूरे समाज और देश का अहित भी करता है।

''है समय नदी की बाढ़ कि जिसमें सब बह जाया करते हैं

है समय बड़ा तूफान कि प्रबल पर्वत झुक जाया करते हैं।''

यह अत्यंत आवश्यक है कि विद्यार्थीगण , जो देश का भावी निर्माता हैं, समय का सदुपयोग करें और अपने जीवन को सुखी और समृद्धिशाली बनाएँ। समय महाशक्तिशाली है। इसकी भलीभांति पहचान होने पर अयोग्य भी योग्य बन जाता है। समय हमारे लिए सफलताओं के सुनहरे अवसर लाता है जिससे हमारा मस्तक गर्व से ऊँचा हो सके। अतः समय का सदुपयोग ही सफल जीवन का आधार है।

प्रशस्ति अग्रवाल 10 वीं ब

मेरे विचार

यह अक्सर देखा गया है कि किसी चीज़ का असली महत्व उसके जाने के बाद पता चलता है। हमारे अंदर ईर्ष्या, लालसा, लोभ,द्वेष , दुर्विचारों ने जगह बना ली है। हमारे पास जो है हम उसकी कद्र नहीं करते बल्कि और अधिक और अधिक पाने की लालसा हमें बेचैन कर देती है| हम इस बात से दुखी हैं कि कोई वस्तु विशेष हमारे पास नहीं है। अमीर से अमीर व्यक्ति अपने जीवन में सुखी और संतुष्ट नहीं है। हमें अपने जीवन की ख़ुशी का पैमाना भी नहीं पता है।

किसी ने सही ही कहा है कि किसी चीज़ का मूल्य उससे पूछो जिसके पास वह चीज़ नहीं है, शिक्षा का मूल्य हमसे ज्यादा एक अनपढ़ बच्चे को पता है जो किसी कारण से पढ़ नहीं पा रहा है। कई लोगों के पास रहने के लिए जगह नहीं है; पहनने के लिए कपड़े नहीं है; यहां तक कि खाने के लिए दो वक्त की रोटी तक नहीं है| इस तरह कुछ ऐसे लोग हैं जो अभाव में जीवन बिता रहे हैं तो कुछ ऐसे लोग जिनके पास सभी सुख सुविधाओं की सब वस्तुएँ होने के बावजूद किसी की मदद करना तो दूर हम अपने आप में भी खुश नहीं है|हमारे पास अच्छा वातावरण,अच्छे मित्र,हमारे पास अपना परिवार होने पर भी हम जीवन से संतुष्ट नहीं होते| सष्टि का सर्वश्रेष्ठ जीव होने के बाद भी मनुष्य अगर संतुष्ट और खुश नहीं है तो उसका जीवन निरर्थक है।

जिया जैन 10 वीं ब

सुविचार

“जो समय बचाते हैं वो धन बचाते हैं और बचाया हुआ धन कमाए हुए धन के बराबर होता है |”

- महात्मा गाँधी

जब मैं मेले में खो गई

भारत देश में कई राज्य हैं और सभी राज्यों में समय-समय पर मेले लगा करते हैं |मेला एक ऐसी जगह है जहाँ एक ही स्थान पर बहुत से लोग इकट्ठे होते हैं| यहाँ मनोरंजन की अनेक वस्तुएँ उपलब्ध रहती हैं और तरह-तरह के व्यंजन| हमारे राज्य छत्तीसगढ़ में प्रतिवर्ष राज्योत्सव आयोजित किया जाता है| यह 1 नवम्बर से आरंभ होकर कुछ दिनों तक चलता है|

मुझे मेला घूमना बहुत पसंद है| हर वर्ष की तरह पिछले वर्ष भी मैं और मेरा परिवार मेला घूमने गए| मेले में बहुत भीड़ थी| ऐसा कह सकते हैं कि हर जगह शोरगुल था और हजारों की संख्या में लोग मेला देखने आये हुए थे| मैने माँ से कहा कि मुझे झूला झूलना है| माँ ने कहा कि पहले थोड़ा घूम लेते हैं और कुछ खरीददारी भी कर लेते हैं| फिर सब झूला झूलने चलेंगे| मैंने कुछ कहा नहीं पर मेरा ध्यान बस झूलों पर ही था| नए तरह के एक झूले को देखने में मैं कुछ ऐसी खो गई कि मुझे पता ही नहीं चला कि मैं कब माँ पिताजी से अलग हो गई|

अचानक मुझे ज़ोरदार धक्का लगा| भीड़ की धक्कामुक्की के बीच में खुद को फँसा हुआ देखकर पहले तो मुझे कुछ समझ नहीं आया कि मैं क्या करूँ, मुझे रोना भी आ रहा था| फिर मैंने हिम्मत से काम लिया| सबसे पहले तो मैं किसी तरह भीड़ से अलग निकली और एक सुरक्षित जगह देखकर खड़ी हो गई| थोड़ी ही दूर पर मुझे मेले के सुरक्षा गार्ड दिखाई दिए| मैं उनके पास गई और मैंने उन्हें पूरी बात बताई| उन्होंने मुझे पुलिस कंट्रोल रूम में महिला पुलिस के पास बैठने को कहा और धैर्य से काम लेने को कहा| अचानक मुझे ध्यान आया कि मेले में आने से पहले माँ ने मुझे मोबाइल देते हुए कहा था कि इसे अपने पास संभालकर रखो| मेला भीड़भाड़ वाली जगह होती है, | इसकी ज़रूरत पड़ सकती है| मोबाइल हाथ में लेते ही मैंने माँ पिताजी के ढेरों मिस कॉल देखे| बिना देर किए मैंने तुरंत माँ को कॉल किया और ये बताया कि मैं इस वक़्त कहाँ हूँ| उनसे लिपट के मैं ख़ुशी के मारे रो पड़ी| उन्होंने मेरा ध्यान रखने के लिए सुरक्षा गार्ड और पुलिस को धन्यवाद दिया और फिर हम घर की ओर वापस चल दिए| मैंने तब से यह निश्चय किया कि अब से मैं और ज्यादा सावधान रहूँगी और हमेशा बड़ों का कहना मानूँगी|

आदिति सिंह ठाकुर 8 वीं इ

रास्ते का पत्थर

रास्ते में पड़ा पत्थर,

एक दिन मुझसे बोल पड़ा-इतना क्यों उदास होते हो?

आशाएँ क्यो खोते हो ? तुम और अभी संघर्ष करो,

क्यों कर्त्तव्य पथ से विचलित होते हो? यह अंधकार मिट जाएगा|

,एक नई रोशनी फूटेगी ,निराशाओं की कड़ियाँ टूटेंगी,

हे मानव! तू दो हाथों से, सोच क्या नहीं कर सकता?

रेगिस्तान को अगर चाहे तो,मीठे जल से तू भर सकता।

अरे मैं, भी तो ठोकर खा-खाकर,कभी किनारे पर जाकर ,

अपने साहस के बलबूते पर, एक नए ताज महल की नींव बन सकता हूँ ,

प्रयत्न और विश्वास से कोणार्क शिखर पर जड़ सकता हूँ |

देख मैं क्या नहीं कर सकता हूँ? जब मुझमें इतनीआशा है,

तो तुम खुद पर विश्वास रखो आशा से ही सारा आसमान है-

आज नहीं तो कल तुम भी कुछ कर जाओगे,

अपने सपने, साहस और संघर्षों से

हे मानव! तुम महामानव बन जाओगे।।

नीलाक्ष दुबे 7वीं ब

Checkmate

OVERALL RESULTS

1ST ONLINE UWS CHESS TMT

shreyasjain2		rawatchess_2412		Giggles15nov	
Points	6	Points	6.5	Points	6
Tie Break	26.75	Tie Break	31	Tie Break	26
Performance	2056	Performance	2166	Performance	1961

9	Krishna Agarwal	9	Raj Kumar College, CG	9	Krishna1706	1569?	1	1	0	1	1	0	1	5	17.5
22	Ansh Chopda	7	Raj Kumar College, CG	22	anshchopda	1439	1	0	0	1	1	0	1	4	12
27	Yug Punglia	8	Raj Kumar College, CG	27	YugPunglia	1354?	1	0	1	0	0	1	1	4	8
37	Tashneet Singh	8	Raj Kumar College, CG	37	tashneet_singh_15	1421?	1	0	1	0	0	0	1	3	7

Fact

The word 'Checkmate' is derived from the Persian phrase 'shāh māt' (the king is helpless)

PLEDGE TO DEFEAT CORONA

'सभी लगाएंगे मास्क, तभी हारेगा कोरोना'

राजकुमार कालेज के प्राचार्य, उप-प्राचार्य सहित अन्य शिक्षकों ने नईदुनिया के अभियान 'अभी मास्क ही वैक्सीन' से जुड़कर शपथ ली। ● नईदुनिया

रायपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना संक्रमण काल में जन-जन को मास्क लगाने के लिए 'अभी मास्क ही वैक्सीन' अभियान चलाकर नईदुनिया लोगों को प्रेरित कर रहा है। हर नागरिक को नईदुनिया के अभियान से जुड़ना चाहिए।

खुद मास्क लगाएं और दूसरों को मास्क लगाने के लिए जागरूक करें। बच्चे, महिलाएं सहित बड़े-बुजुर्ग सभी मास्क लगाएंगे, तभी कोरोना को हराया जा सकता है। यह बात राजकुमार कालेज के प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल अविनाश सिंह ने कही। बुधवार को नईदुनिया के अभियान से राजकुमार कालेज के प्राचार्य, उप-प्राचार्य और शिक्षक जुड़े। उन्होंने मास्क लगाने की और दूसरों को इसके लिए प्रेरित करने की शपथ ली।

> बच्चे हों या बड़े, सभी को मास्क अपनी दिनचर्या में शामिल कर लेना चाहिए। जब भी घर से बाहर निकलें, मास्क जरूर लगाएं। इससे वे अपने और दूसरों के जीवन को भी सुरक्षित रख सकते है। – **लेफ्टिनेंट कर्नल अविनाश सिंह**
> प्राचार्य, राजकुमार कालेज

> जब तक वैक्सीन नही आ जाती, तब तक हर किसी को मास्क को ही वैक्सीन समझ लेना चाहिए। इससे वे स्वयं को और दूसरों को संक्रमण से बचा सकते है।
> – **शिवेंद्र नाथ शाहदेव**,
> उप-प्राचार्य, राजकुमार कालेज

आनलाइन कक्षाएं चल रही हैं : कोरोना की वजह से स्कूल बंद हैं और आनलाइन कक्षाएं चल रही हैं। शपथ के दौरान शिक्षकों ने कहा कि बच्चों को मास्क के प्रति जागरूक किया जाएगा। वहीं उनसे यह भी कहा जाएगा कि वे अपने घर और पड़ोस के रहने वाले उन लोगों को भी टोकें, जो बिना मास्क लगाए घरों से निकलते हैं। फिलहाल यही बचाव का एकमात्र तरीका है।

जूनियर स्कूल की शिक्षिकाओं ने भी ली शपथ

राजकुमार कालेज के जूनियर स्कूल की शिक्षिकाओं ने भी मास्क लगाने की शपथ ली और दूसरों को भी इसके बारे में जागरूक करने की बात कही। इस दौरान जूनियर स्कूल के हेड चितवन सिंह के साथ अन्य शिक्षकाएं मौजूद थीं। ● नईदुनिया

RKC MUN

RKC MUN Crisis Summit-2020 on Nov 7-8

Raipur, Nov 06: "Excellence in the face of adversity" is the motto of this present Model United Nation (MUN) "RKC Crisis Summit, 2020" to be held on Nov 7th and 8th online. The Principal Lt. Col. Avinash Singh (Veteran) in his official address informs that the present Summit will provide a platform for intellectual discourse ranging over a number of topics and agendas and it will expand the knowledge of the students about the world.

The Headmistress of Junior Section Chitwan Singh in her address feels that the Summit will help the students to develop and foster the intellectual capital of young minds. Hinting about the success of the RKC MUN in 2019, she remarks that the present online Summit will far exceed the expectations of the previous one, thanks to the tireless efforts of all the dedicated delegates.

Giving brief information about the experience of attending more than 100 MUNs, Rudraksh Lakra along with Adhiraj Vikram Singh, both the Law students, will be providing the guidance for this Summit. There will be several Committees, Agendas and Executive Board Members in the Summit. As mentioned above, the Summit will be held on 7th and 8th of November, 2020.

It will commence at 9am on 7th Nov., 2020. This International Online MUN Summit will be attended by 95 schools and around 200 students will be participating from Finland, U.A.E. and Dubai other than Indian students. The awards to be given at the end of the MUN are 1. Best Delegation, 2.Best Delegate, 3. High Commendation and 4 Special Mention. Cash Prizes will be awarded to first three categories, informs Shivendra Nath Shah Deo, Vice Principal, RKC, Raipur.

BRIEFS

'RKC Crisis Summit 2020' from today

■ **Staff Reporter**
RAIPUR, Nov 6

RAJKUMAR College (RKC) will organise 'RKC Crisis Summit 2020' online on November 7 and 8.

'Excellence in the face of adversity' is the motto of this international Model United Nation (MUN) Summit. It will commence from 9am on Saturday.

Principal of RKC Lt Col Avinash Singh(Veteran) informed that the present summit will provide

a platform for intellectual discourse ranging over a number of topics and agendas. It will expand the knowledge of the students about the world, he added.

Headmistress of Junior Section Chitwan Singh said that the summit will help students to develop and foster the intellectual capital of young minds. Hinting about the success of the RKC MUN in 2019, she remarked that the present online summit will far exceed the expectations of the previous one, thanks to the tireless efforts of all the dedicated delegates.

Giving brief information about the experience of attending more than 100 MUNs, Rudraksh Lakra along with Adhiraj Vikram Singh, both the Law students, will be providing the guidance for this summit.

There will be several committees, agendas and executive board members in the summit.

The international online MUN Summit will be attended by 95 schools and around 200 students will be participating from Finland, UAE and Dubai other than Indian students.

The awards to be given at the end of the MUN are best delegation, best delegate, high commendation and special mention. Cash prizes will be awarded to first three categories.

Editorial Board

Published by: Lt. Col. Avinash Singh (Veteran), Principal

Editor in-chief: Mr. Shivendra N.S. Deo, Vice Principal

Editorial Team : Mr. Sanjay K. Mishra, Ms. Shrabony Dey, Dr. Sanjogita Tiwari, Ms. Radha Khankeriyal, Mr. Ankur Tiwari

Design Team : Ms. Tisha Susan Jacob, Ms. Kulmeet Bhatia, Ms. Minakshi Pradhan

Student Editors : Tushar Daga, Navya Rateria, Ishika Agrawal, Aradhya Tripathi, Rishi Pinjani, Aashi Saraogi, Anchal Agrawal, Maahi Tiwari

Disclaimer: Articles which have not been included in this edition will be published in the upcoming editions.